हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 मई 2024



## खबर संक्षेप

### शराब ले जाते पकड़ाए



**छुईखदान।** अवैध रूप से प्लेन एवं गोवा अंग्रेजी शराब का परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा जिले में अवैध जुआ, सट्टा, गांजा, शराब के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई करने के आदेश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना छुईखदान पुलिस सायबर सेल खैरागढ़ के संयुक्त टीम द्वारा डोकराभाठा तालाब के आगे रोड़ में नाकाबंदी कर अवैध रूप से शराब मोटर साइकिल में परिवहन कर बिक्री हेतु ले जाते हुए आरोपी शेख मिलतार 52 साल के कब्जे से 44 पौवा देशी रोमियो प्लेन शराब एवं 16 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब कुल 60 पौवा शराब कीमती 6040 रुपए एवं एक एक बाईक को जब्त कर कार्रवाई की गई है।

### विस अध्यक्ष आज आएंगे

**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 9 मई को एक दिवसीय प्रवास पर अपने



विधानसभा क्षेत्र में रहेंगे। वे यहां कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डा. सिंह दोपहर 12 बजे रायपुर मौलश्री नगर से रवाना होकर दोपहर डेढ़ बजे राजनांदगांव जीई रोड स्थित अपने निवास पहुंचेगे। यहां से दोपहर दो बजे वे सिंघोला के लिए रवाना होंगे। यहां वे मां भानेश्वरी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर सवा तीन बजे वे सिंघोला से राजनांदगांव निवास पहुंचेगे। शाम पौने छह बजे वे अनुपम नगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### माए एगल




---

### सुधार कार्य में देर रात तक जुटे रहे कर्मचारी, दूसरे दिन तक चला काम

# अंधड़ ने मचाई तबाही, दर्जनों पेड़ टूटे बिजली बाधित की सवा 2 सौ शिकायतें

## शहर के कई स्थानों में पेड़ गिरने की वजह से आई दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बेमौसम बारिश के साथ ही तेज अंधड़ की वजह से शहरवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंगलवार की देर शाम से शुरू हुई अंधड़ और बारिश की वजह से बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई। केवल शहर में ही बिजली बाधित होने के सवा दौ सो से अधिक शिकायतें दफ्तर में दर्ज कराई गई। इसके अलावा कई ग्रामीण इलाकों में भी 2 से 3 घंटे तक बिजली सप्लाई नहीं की जा सकी।

शाम के एक घंटे की अंधड़ से शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। देर रात तक आधे से ज्यादा शहर व आसपास के इलाकों में बिजली गुल रही। तेज हवाओं की वजह से जगह-जगह पेड़ गिर गए, तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। आम लोगों को इससे काफी परेशानी हुई, कई क्षेत्रों में रातभर बिजली गुल रही। वहीं बिजली विभाग में कर्मचारियों की कमी के चलते भी सुधार कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उत्तरी दिशाओं से आई हवाओं के चलते बदले मौसम की वजह से भीषण गर्मी के बाद शाम करीबन छह बजे से शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में जोरदार बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ तेज हवाएं चलती रही। इस दौरान आंधी चलने से कहीं पेड़ टूटकर गिरे तो कहीं विद्युत पोल टूट गए, तो कहीं विद्युत पोल से डीपी टूटकर जमीन पर आ गिरी। मोहला-मानपुर से लेकर खैरागढ़ जिले तक 30 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश से जहां फसलों पर प्रभाव पड़ा है। वहीं सबसे अधिक दिक्कतें बिजली सप्लाई में आई। तेज बारिश व आंधी के चलते ऊंचे मकानों पर लगे होर्डिंग्स टूटकर लटक गए।

**खास बातें**

- शहर में सुधार कार्य के लिए दर्जनभर ही कर्मचारी
- मेन्टेनेंस कार्य भी अब तक नहीं हुआ पूरा
- देर रात तक विभाग के पास आती रही लोगों की शिकायतें



### पेड़ की वजह से टूट रहे तार

मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे से लेकर शहर के कई हिस्सों में बिजली बाधित होने के पीछे पेड़ भी कारण बन रहे हैं। बताया गया कि कई स्थान में पेड़ बिजली तार के नीचे ही लगा दिए गए हैं, अब तक पेड़ बड़े हो रहे हैं तो उनकी वजह से तार टूट रहे हैं। ऐसे में बिजली बाधित हो रही है। जबकि विभाग को भी पेड़ की वजह से समस्या आने पर उसको ट्रेस करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि अब बिजली तार के नीचे पेड़ नहीं लगाने के लिए बिजली विभाग ने निगम सहित वन विभाग को भी कहा है।

### स्टॉफ की कमी, जो है वह भी वृद्ध

बिजली विभाग भी इस समय स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग में 60 फीसदी से अधिक लाईन मेन के पद खाली पड़े हुए हैं। शहर में दर्जनभर करीब ही कर्मचारी समस्या सुधारने का काम कर रहे हैं। इनमें भी आधे से अधिक बुजुर्ग हो गए हैं। कई को गंभीर बीमारियां है। जिसकी वजह से 11 से 15 मीटर खंभा चढ़कर सुधार कार्य करने में दिक्कतें आ रही है। यही भी एक वजह रही कि मंगलवार को एक साथ दो सौ से अधिक शिकायतें आने पर सुधार जल्द नहीं हो पाया।

### एक लाईन बंद, नहीं लगा फोन

देर शाम बारिश के बाद शहर के अधिकांश इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी। कई घंटे तक बिजली नहीं आने पर जब लोगों ने शिकायत दर्ज कराने के लिए विभाग के टेलीफोन नंबर में कॉल किया तो दो में से एक नंबर बंद आया। बीएसएनएल कंपनी का फोन उपयोग हो रहा है। हाल ही में फोन कंपनी ने ऑप्टिक फाईबर वाला फोन विभाग को दिया है, जो बिजली जाने पर बंद हो जाता है। जिसकी वजह से शिकायत दर्ज कराने में दिक्कतें आई।

### कुछ स्थानों पर हो सकती है बारिश

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पूर्व राजस्थान के ऊपर स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व राजस्थान से पूर्वी असम तक स्थित है तथा दूसरा द्रोणिका उत्तर-पूर्व राजस्थान से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक स्थित है। प्रदेश में कल 9 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व छीटें पड़ने की संभावना है ।

---

# ताला टूटा, नगदी रकम पार

**राजनांदगांव।** सामुदायिक भवन में रखे लकड़ी के पेटी का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी रकम पार कर दिया। वहीं अन्य घटना में चोर दुपहिया वाहन चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेढा में रामलीला प्रदर्शन करने हेतु मंडली आई हुई थी, जिन्हें रूकने के लिए ग्राम मेढा के सामुदायिक भवन में जगह दी गई थी। जिसमें मंडली का पेटी रखा हुए था। जिसमें कपड़े व नगदी रकम थे। उक्त पेटी में लगे ताला को तोड़कर अज्ञात चोरों ने लगभग 95,000 रुपए को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी लिखनलाल साहू ने दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### परछी से बाइक चोरी

थाना बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी विशाल सहारे बोरतालाब निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 4 मई को वह अपने घर के परछी में अपनी बाईक को रखा था, जिसे रात में अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मोपेड चोरी

इधर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बाफना निवास दिगंबर जैन मंदिर के सामने गंज लाईन रोड किनारे खड़ी स्कूटी सुजुकी को बीती रात अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी नितिन बाफना ने दर्ज कराई है।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

| 24 घंटे आपात चिकित्सा | स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ |
|---|---|
| • एक्सीडेंट<br>• जहर का सेवन<br>• लीवर फेलयर<br>• किडनी फेलयर<br>• हार्ट अटैक<br>• ब्रेन हेमरेज<br>• पीलिया • लकवा | • बच्चेदानी का ऑपरेशन<br>• बांझपन का ईलाज<br>• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज<br>• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज<br>• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/- |

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

---

## मेडिकल कंपनी में काम करता था युवक

# ट्रक और पिकअप वाहन के बीच चपेट में आया बाइक सवार, मौत

## लखोली का रहने वाला था मृतक युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के जंगलपुर और रामपुर गांव के बीच एक बाईक सवार युवक की ट्रक और पिकअप वाहन के बीच चपेट में आने से मौत हो गई है। मृत युवक एक मेडिकल कंपनी का कर्मचारी था। हालांकि युवक ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन उसके बाद भी भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

लालबाग पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक अभिषेक दुबे उम्र 39 वर्ष अपने काम से डोंगरगांव गया था, वहां से करीबन पांच बजे वह वापस राजनांदगांव शहर लौट रहा था। इस बीच ही रामपुर ग्राम के करीब एक ब्रेकर के समीप यह घटना हुई। मृतक की बाईक के आगे एक ट्रक चल रही थी, जिसने ब्रेकर आने पर ब्रेक मारा, अचानक ब्रेक मारे जाने से उसके पीछे बाईक से आ रहे युवक उसमें जा भिड़ा। इसके बाद उसके पीछे आ रही मालवाहक ने उसे पीछे से आकर ठोकर मार दी।



**मेडिकल कंपनी का कर्मचारी :** मिली जानकारी के अनुसार मृतक एक दवा कंपनी में एमआर का काम करता था। यही कारण था कि अक्सर वह जिले के विभिन्न क्षेत्र का दो पहिया वाहन से सफर करता रहता था।

### रास्तेभर बेतरतीब ब्रेकर, सड़क खराब

राजनांदगांव से डोंगरगांव जाने वाले इस मार्ग में जगह-जगह पर बेतरतीब ब्रेकर बनाए गए हैं। जिसकी वजह से पहले भी कई दफा सड़क हादसे देखने को मिले हैं। इसके अलावा सड़क भी जगह जगह से खराब हो गई है। कई स्थानों में बड़े गड्ढे देखने को मिल जाएंगे। जबकि इस रास्ते से दिनभर यात्री बस के साथ ही बड़ी संख्या में मालवाहक भी आवागमन करते हैं। इसके बाद भी सड़क की स्थिति नहीं सुधारे जाने से ऐसे हादसे देखने को मिल रहे हैं। जिससे लोगों में भी आक्रोश निर्मित हो रहा है।

### हेलमेट लगाए जाने के बाद भी मौत

आमतौर पर सड़क हादसों में देखा जाता है कि मृतकों द्वारा हेलमेट नहीं लगाए जाने से उनके सिर पर गहरी चोट आने की वजह से मौत होती है, लेकिन इस हादसे में मृतक ने हेलमेट भी पहन रखा था। जिसके बाद भी उसकी मौत हो गई। हालांकि बताया गया कि उसकी मौत शरीर के अन्य हिस्सों में आई चोंट की वजह से हुई।

---

## आज दोपहर को ऑनलाइन जारी होगा बोर्ड परिणाम

# 46 दिनों के इंतजार बाद आज आएगा बोर्ड का परिणाम, 39176 छात्रों ने दी थी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज दसवीं एवं बारहवी कक्षा के वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी करने वाला है। मार्च महीने में परीक्षा संपन्न होने के 46 दिनों बाद यह परिणाम जारी किया जा रहा है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में 39176 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी थी।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक पखवाड़े से ही मई के शुरूआती दिनों में बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने की संभावना जताई जा रही थी। इस बीच बुधवार को दोपहर आदेश जारी कर यह जानकारी दी गई कि कल 9 मई को दोपहर परिणाम जारी किए जाएंगे।

### चार जिलों की कॉपिया जंची

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में बिलासपुर संभाग के चार जिलों की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की गई। करीबन एक लाख उत्तरपुस्तिका यहां जांच के लिए आई थी। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में भी करीबन 80 हजार कॉपिया एवं मोहला-मानपुर जिले में 40 हजार उत्तरपुस्तिका की जांच की गई है। जांच का काम 15 अप्रैल तक पूरा किया गया था। जिसके बाद अब आज परिणाम जारी किया जा रहा है।

**दसवीं में अधिक परीक्षार्थी :** मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में कुल 39176 बच्चों ने दसवीं एवं बारहवी कक्षा के लिए अपना पंजीयन कराया था। इनमें दसवीं के 22086 परीक्षार्थी शामिल हैं। वहीं बारहवीं कक्षा के 17090 परीक्षार्थी हैं। दसवीं की परीक्षा 2 मार्च से 21 मार्च के बीच ली गई। वहीं बारहवीं कक्षा की एक मार्च से 23 मार्च तक परीक्षा आयोजित की गई थी।



## खबर संक्षेप



### छुट्टी के दिनों में भी पढ़ाई करेंगे बच्चे

**डोंगरगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव निर्देशानुसार उत्कर्ष योजना अंतर्गत प्राथमिक शाला पेंडरवानी के बच्चों को ग्रीष्मकालीन प्रोजेक्ट वर्क प्रदान किया गया। बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने, उनकी प्रतिभा को उभारने और व्यक्तित्व के विकास के लिए ग्रीष्मकालीन प्रोजेक्ट दिया गया है।शिक्षक टीएल निषाद ने बच्चों को प्रोजेक्ट वर्क के बारे में विस्तार से बताया और खाली समय में प्रोजेक्ट वर्क को पूरा करने प्रोत्साहित किया।

### कृपाल पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**मुरमुंदा।** जिला तिरेला क्षत्रिय कुर्मी समाज राजनांदगांव के पदाधिकारियों का चुनाव प्रधान कार्यालय मुरमुंदा में संपन्न हुआ। पूर्व अध्यक्ष कृपाल ठाकरे पुनः निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं अमित देशमुख को युवा जिला कुर्मी समाज का अध्यक्ष चुना गया। महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर कंचन ठाकरे निर्वाचित हुई। उपाध्यक्ष रामविलास ठाकरे, कोषाध्यक्ष छन्नु लाल पिपरकाठ, सचिव रामकिशोर चौधरी, संचालक गोवर्धन ठाकरे, सह संचालक सोमवती सुनील कदम निर्वाचित हुए। इस मौके पर चुनाव समिति के सदस्य जीवनलाल चौहान, फणेशवर कदम, दिलीप कदम मौजूद थे। चुनाव के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया।

### घंटों गुल रही बिजली, लोग हुए हलाकान

# अंधड़ और बारिश का कहर, आम की फसल बर्बाद, घरों में घुसा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

मंगलवार शाम को फिर मौसम में बदलाव देखने को मिला। तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। करीब दो घंटे तक हवा के साथ बरसात होने से कच्चे मकान के रहवासियों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा।

तेज हवा के साथ पानी के बौछार होने से घर के अंदर पानी रिसने लगा। इसी बीच करीब दो घंटे से अधिक समय तक बिजली सप्लाई भी बंद रही।

तूफान के चलते कई वृक्ष की शाखाएं टूट कर गिर गई। आंधी तूफान से आम फसल को काफी नुकसान हुआ है। आम पेड़ों में फसल तोड़ाई का समय आ गया है ऐसे समय पर तुफान से फल टूट कर बिखर गए। किसानों ने बताया कि आंधी ने बहुत नुकसान पहुंचाया है।



**हवा में उड़े तेंदूपत्ता**

वनांचल में तेन्दूपत्ता तोड़ाई काम जारी है। मानपुर, जीराटोला आदि गांव में पत्तों को सुखाया गया था जो तूफान से अस्त व्यस्त हो गए। पत्तों को सहेजने में काफी मशक्कत करना पड़ा। झमाझम बारिश गांव की गलियां पानी से लबालब हो गई। बारिश थमने के बाद लोग उमस से परेशान रहे। बुधवार को तापमान में गिरावट देखने को मिला।

**तेज गर्मी के बीच बरसात का नजारा**

मंगलवार शाम को फिर मौसम में बदलाव आया। तेज हवा गर्जना के साथ झमाझम बारिश हुई। करीब घंटे भर की बारिश में गांव की गलियां पानी से लबालब हो गई। बैशाख की गर्मी में बरसात का नजारा देखने मिला।

# लाखों हुए खर्च पर शहर की हालत जस की तस

### अधिकारी और ठेकेदार लगा रहे चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका ने वार्डो में विकास कार्यो के नाम से लाखों खर्च किया है किन्तु शहर की स्थिति में अपेक्षित बदलाव देखने नहीं मिल रहा है। कहा जा रहा है कि विकास की आड़ में जमकर बंदरबाट किया गया है। जानकारी के अनुसार विभागीय खरीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना में गडबड़ी, सीसी रोड़, सड़क डामरीकरण एवं चेकर टाईल्स, गार्डन, ओपन जिम में गड़बड़ी के मामले पूर्व में सामने आ चुके है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका ने 10 लाख कीमत की खाद मशीन को लगभग 50 लाख में खरीदा था। यह मशीन अब कबाड़ में रखी है। इसी प्रकार कांग्रेस शासनकाल में नेताओं के संरक्षण में विभिन्न कार्यों का टेंडर चहेते ठेकेदारों को दिया था। इन ठेकेदारों में कई काम को पूरा नहीं किया। गुणवत्ताहीन कार्य होने की शिकायत के बाद जांच में लीपापोती कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। बताया कि पालिका के इंजीनियर ने बिना मौका मुआयना किए ही निर्माण कार्य का मुल्याकन और सत्यापन कर दिया।

**कई अधिकारी बदले**

निर्माण में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद बीते पांच सालों में कई अधिकारी बदल दिए गए किन्तु इंजीनियर पिछले 4 सालों से नगर पालिका में ही पदस्थ है। वर्तमान इंजीनियर को टेंडर प्रक्रिया में गडबडी सहित अन्य मामले की शिकायत के बाद धमतरी स्थानांतरित कर दिया गया था। वह अपनी राजनीतिक एप्रोच के चलते पुनः पदस्थापना कराने में सफल हो गए है। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के बाद कार्रवाई की आशंका को देखते हुए उक्त इंजीनियर स्थानांतरण कराने की जुगत में है।

### सर्वेश्वरदास विद्यालय में प्रवेश के लिए 10 तक आवेदन

**राजनांदगांव।** सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई है। प्रवेश के लिए पात्र-अपात्र बच्चों की सूची 11 मई को विद्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी जाएगी। जारी सूची के संबंध में आवेदक या पालक 11 से 13 मई तक विद्यालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात 14 मई को कक्षा पहली एवं 15 मई को कक्षा पांचवी, छठवीं व सातवीं की कक्षाओं के लिए बच्चों का चयन लाटरी के माध्यम से जिला स्तरीय गठित समिति के समक्ष किया जाएगा। बच्चों की चयनित एवं प्रतिक्षा सूची का अवलोकन विद्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता सकेगा। बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया 16 मई से प्रारंभ होगी।

# सरकारी जमीन हड़प कर बेच रहे जमीन दलाल, अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत अछोली में करोड़ो की शासकीय भूमि पर कब्जा करने के बाद बेच दिया गया है। वहीं अब अछोली से लगे टिकरापारा से नागतराई तक शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत होने के बाद अधिकारी जांच के नाम पर खानापूर्ति करने में लगे है। इसी तरह नेहरू महाविद्यालय के आसपास रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। टिकरापारा वार्ड 3 करबला चौक से ग्राम करवारी जलाषय तक फर्जी दस्तावेज के आधार पर फर्जी नामांतरण का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग नियम को दरकिनार कर अतिक्रमण एवं बिना अनुमति के किए जा रहे निर्माण पर कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक भू माफिया सरकारी के अलावा रेलवे की जमीनों पर अतिक्रमण कर बेचने में लगा है।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई**

तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने बताया कि टिकरापारा, करवारी, अछोली, अस्पताल क्षेत्र की शासकीय भूमि पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। लाखों की शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमतः कार्यवाही की जाएगी।

# सड़कों की हालत खस्ता, मरम्मत में कोताही

### मरम्मत की आड़ में अधिकारी लगा रहे शासन को चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोक निर्माण विभाग ने बीते एक दशक में सड़कों के मरम्मत और संधारण कार्य में लाखों रूपए खर्च किया है किन्तु अधिकांश कार्य कागजों में ही पूरा हो गए है। क्षेत्र की सड़कों की दशा में जरा भी बदलाव नहीं देखा जा रहा है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

अछोली से कलकसा के बीच मरम्मत कार्य में जमकर गडबडी किया गया है। यह मामला सामने आने के बाद अब तक कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं हुई है। अब विभाग के एसडीओ जवाब देने से बच रहे है। वर्तमान में कई पुरानी सड़क की जर्जर स्थिति का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के जर्जर होने से आवागमन करने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतें हो रही है। जानकारी के अनुसार कुसमी से माड़ीतराई, कोलेन्द्रा से रींवागहन, कटली से कलकसा, कोलेन्द्रा से कातलवाही, ठाकुरटोला से पलान्दुर, पलान्दुर से छीपा डोडकी मुसरा मार्ग के डामरीकरण की मांग करते हुए विधायक सहित अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। कटली से होते हुए कलकसा तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी दयनीय है।

**जर्जर सड़कों से बढ़ी परेशानी**

इसी प्रकार कोलेन्द्रा से रींवागहन सडक पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छ्ले कई सालों से सड़क की मरम्मत नहीं की गई है, जिसके चलते सड़क से डामर गायब हो गया है। सड़क पर गिट्टी ही गिट्टी नजर आ रही है। इसी प्रकार बसंतपुर राजनांदगांव मार्ग के डामरीकरण की राह लोग तक रहे हैं। इस मार्ग से बड़ी संख्या में वाहन चालक, बच्चे आदि आवागमन करते हैं। इस मार्ग पर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़कों से वाहनों के गुजरने पर धूल का गुबार फैल जाता है।



# मितानिनों की बैठक में लोगों के उत्थान पर चर्चा

**घुमका।** ग्राम गिधवा क़े महावीर चौक में मितानिनों की बैठक आयोजित कर समाज उत्थान पर चर्चा किया गया।

समन्वयक प्रतिमा बेलेकर ने बताया कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं इसकी जानकारी हासिल कर लोगों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। शारीरिक या मानसिक परेशानी होने पर आयुष्मान कार्ड से इलाज कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बहुत से मनोरोगियों का पैंड्री हॉस्पिटल में इलाज किया गया है। उन्होंने बताया कि मितानिनों के माध्यम से घर-घर की रिपोर्ट ली जा रही है।

प्रशिक्षक अंजुम परवीन ने बताया कि जन्म से मृत्यु तक सेवा कार्य को मितानिनों के माध्यम से किया जा रहा है ताकि सभी खुशहाल हो सके। बैठक में निर्मला, बबिता, चंद्रिका साहू, मंजूबाई, नैनबाई आदि शामिल हुई।

# लाखों खर्च फिर भी कृष्णकुंज अधूरा

### नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों के मनोरंजन का साधन नहीं





- नष्ट हो सकता है कृष्ण कुंज
- लोगों ने पूर्ण करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पर्यावरण संरक्षण के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने निकाय क्षेत्र में कृष्ण कुंज निर्माण की स्वीकृति दिया था। शहर में प्रस्तावित कृष्ण कुंज अब तक अधूरा है। चेकर टाइल्स भी अब तक पूरा नही लग पाया है। यहां सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों के बैठने के लिए कुर्सी, बच्चों के लिए झुले और पेड पौधे जरुर लगाया गया है लेकिन लाखों खर्च होने के बाद भी कृष्ण कुंज पूरा नहीं हो सका है।

**शहर में गार्डन का अभाव**

उल्लेखनीय है कि शहर में एक भी ऐसा गार्डन नहीं है जहां लोग समय बीता सके। गार्डन है भी तो मुक्ति धाम या तो नगर पंचायत कार्यालय में जहा कोई जाना पसंद नहीं करता। कृष्ण कुंज में घास लगा दिया जाए तो लोगों के मनोरंजन के लिए बेहतर स्थान हो सकता है। वर्तमान में लाखों खर्च होने के बाद कृष्ण कुंज की उपयोगिता दिखाई नहीं देती है। यहां सिर्फ बच्चे झुले का आनंद लेते दिखाई देते है जबकि निर्माण कार्य पूरा हो जाता तो सुबह शाम लोग वाक कर सकते हैं।

# कॉलेज में प्लास्टिक टेक्नोलॉजी पर दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- नेहरू महाविद्यालय में आयोजन

नेहरू महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के सहयोग से प्लास्टिक टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट रोजगार की संभावनाएं विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता अंबिका जोशी, सीनियर टेक्निकल ऑफिसर सिपेट रायपुर ने बीएससी के छात्र-छात्राओं को सिपेट रायपुर में उपलब्ध 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्सेज एवं 4 वर्षीय बीटेक कोर्स के बारे में बताया। कार्यशाला के अंत में सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। दूसरे दिन मुख्य वक्ता देवेंद्र कुमार साहू ने बीए, बीकॉम के छात्र-छात्राओं को सिपेट से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिपेट में अध्ययन के लिए प्रवेश परीक्षा देना पड़ता है जिसके लिए सीपेट की वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। समाप्ति पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेवती ने आभार व्यक्त किया।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

# मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे की कल्पना नहीं की जा सकती: जस्टिस कश्यप

**खैरागढ़।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अध्यक्ष सुषमा सावंत के निर्देशानुसार ब्लाक के पेंड्रीकला में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

श्रमिकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडक़र एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक मजदूर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है।

मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए श्रमिकों का समाज में अपना विशेष स्थान है। श्री कश्यप ने आगे पॉक्सो एक्ट, मोटर यान अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम आदि के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग ने मजदूरों के हितों के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया कि भारतीय संविधान को नजर रखते हुए मजदूरों के लिए कई निश्चित प्रावधान निहित है। काम के लिए निश्चित घंटे निर्धारित किया गया है इन प्रावधानों के उल्लंघन पर सख्त सजा तय किया गया है। बंधुआ मजदूरी को गैर कानूनी घोषित किया गया है। श्रम न्यायालय का निर्माण किया गया है ताकि मजदूरों के साथ हो रहे अत्याचारों पर लगाम लग सके।

**गैरकानूनी व मानवीय मूल्यों के विरुद्ध हैं बाल श्रम**

जस्टिस विवेक गर्ग ने बताया कि चौदह साल से कम उम्र के बच्चों को मजदूरी में लगाना गैरकानूनी ही नहीं मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है और ऐसा करने पर कठोर सजा तय की गई है। श्रम संगठनों को अधिकार के लिये आंदोलन का भी अधिकार, फैक्ट्री अधिनियम 1948, बोनस संदाय अधिनियम 1965, उपदान संदाय अधिनियम 1972, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, समान परिश्रमिक अधिनिमय 1976 7-कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923, कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम 1952 9- ठेका श्रम (विनियमन और उत्पादन) अधिनियम 1970,प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 आदि अधिकार दिया गया है। मजिस्ट्रेट गुरु प्रसाद देवांगन ने उपस्थित श्रमिकों को न्यायालय में दी जाने वाले निशुल्क और सक्षम विधि सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पीएलवी गोलूदास साहू ने नालसा की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवा, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए और निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सरपंच धनवा राम साहू, जनपद सदस्य लखनलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। संबोधन बाद मजदूरों को मिठाई वितरण किया गया।

### प्रवेश के लिए आवेदन 10 तक आमंत्रित

**जालबांधा।** आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सत्र 2024- 25 के लिए प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन 10 अप्रैल से 10 मई तक आमंत्रित की जा रही है। इसी परिपेक्ष में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तिथि को 10 मई तक बढ़ा दिया गया है। लाटरी द्वारा सीट आबंटन 11 मई से 15 मई तक किया जाएगा। चयनित बच्चों के एडमिशन की अन्य प्रक्रिया 16 से 20 मई तक की जाएगी । यह जानकारी प्राचार्य ने दी।

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी |बच्चने दानी की गांठ|स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध|दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Man Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### मुढ़ीपार में कैरियर सेमिनार आज

**खैरागढ़।** चुनौती और संभावना स्कूल शिक्षा सहित अन्य विषयो को लेकर गुरूवार 9 मई को मुढ़ीपार मे कैरियर सेमिनार का आयोजन होगा। शैक्षिक प्रगतिशील मंच के और ग्रपं मुढ़ीपार के सहयोग से आयोजित सेमिनार में स्कूल व उच्च शिक्षा विभाग, संगीत विवि, पालिटेक्रिक कालेज और डाइट के शिक्षाविद विविध विषयों पर वक्तव्य देंगे वही सेमिनार मे मौजूद स्टुडेंट्स को शिक्षा और कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देंगे। जिपं सभापति विप्लव साहू ने बताया कि मंच के बैनर तले आयोजित सेमिनार मे विभिन्न विषयों में पारंगत शिक्षाविद परीक्षा बाद भविष्य निर्माण के लिए उचित पाठ्यक्रम तलाश रहे स्टुडेंट्स को जानकारी देंगे। अटल समता भवन मुढ़ीपार में सुबह 11 बजे सेमिनार प्रारंभ होगा। उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन संबंधी जानकारी लेन 16 से 25 तक के सभी युवाओं को सेमिनार में शामिल होने की अपील की है।

### विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**राजनांदगांव।** समाजसेवी संस्था विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन (छग) का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। कल 9 मई को साहू समाज द्वारा मां भानेश्वरी शक्ति पीठ सिंघोला में मां भानेश्वरी जयंती उत्सव व वर-वधु परिचय सम्मेलन का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होने जा रहा है। आयोजन में विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन के चिकित्कों और सहयोगीजन द्वारा आम सामान्य नागरिकों को स्वास्थ्य से संबंधित सिकल्सेल, हृदयाघात, मधुमेह, लकवा इत्यादि गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत करने रक्त जांच व अन्य संभावित जागरूकता कार्य निःशुल्क रूप से किया जाएगा। इस दौरान संगठन के डॉ. सतीश दीवान, डॉ. सुशील बागड़े, लीना गौराहा, भोला महतो, डॉ. करतार सिंह कंजवानी, डॉ. साहू अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में श्याम केशवानी द्वारा रक्तदान की सुविधा रहेगी। संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सहभागी होने के इच्छुक का स्वागत है।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक माह के दूसरे गुरुवार 9 मई को दोपहर 3 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित की गई है। तहसील शाखा डोंगरगांव अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव, नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, वायके गहरवार प्रवक्ता, हीरालाल ढोमने प्रवक्ता, केशवराम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जीआर अहीर उपाध्यक्ष, मनबोधी माली कोषाध्यक्ष, नंदकुमार श्रीवास्तव संगठन सचिव, कृष्णालाल साहू संगठन सचिव, शोभितराम साहू संगठन सचिव, नंदलाल साव कार्यकारिणी सदस्य ने सभी सम्मानित पेंशनर साथियों एवं आदरणीयजनों से उपस्थिति की अपील की।

### शिकायत के बाद जांच को लेकर जनपद की चार सदस्यों की टीम पहुंची गांव

# मनरेगा में फर्जी हाजिरी भरकर भुगतान, ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रोजगार सहायक पर मनरेगा काम में फर्जी हाजिरी भरने और खाते में पैसा डालने के बाद बंदरबॉट की शिकायत बाद जॉच को लेकर जनपद की चार सदस्यों की टीम ब्लाक के ग्रांप राहुद पहुंची। शिकायतकर्ताओं सहित कार्यस्थल पर मौजूद मजदूरों के चर्चा बाद वापस लौटी।

गौरतलब है कि दो दिन पहले ग्रापं राहुद के गुपेंद्र वर्मा, चंद्रभान वर्मा, अंकुश वर्मा, जोगेश्वर वर्मा, विजय वर्मा, चंद्रेश वर्मा सहित पचास से उपर ज्यादा ग्रामीणों ने पहले जनपद सीईओ शिशिर शर्मा और उसके बाद दूसरे दिन एडीएम प्रेम कुमार पटेल को ज्ञापन सौंपकर रोजगार सहायिका पर मजदूरों के साथ जितना काम उतना पैसा नही देकर भेदभाव करने, मेट के साथ मिलकर फर्जी हाजिरी भरने की शिकायत करते हुए उसे तत्काल हटाने की मांग की थी।

ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सहायिका उमेश्वरी वर्मा पास के गॉव भोथी में रहती है कभी कभी कार्यस्थल पर आती है और सारा काम मेट के भरोसे चल रहा है। उन्होंने बताया कि संतराम, यमुनाबाई गॉव में नही रहती, लेकिन उनके नाम से हाजिरी भरा गया है। मनभा, संगीत, बसंती, भूपेंद्र, लछनी काम मे एक सपताह भी नही आए है लेकिन उनके नाम से हाजिरी भरी गई है। उनका कहना है कि मजूदरों के काम को कम बताकर पैसा कम किया जा रहा है और मेट लोगों को पूरा पैसा दिया जा रहा है। वही मेट भी अपने परिवार के सदस्यों की फर्जी हाजिरी भर रहे है। उन्होने एक स्वर में तत्काल रोजगार सहायिका को पद सें हटाने की मांग अधिकारियों से की है।



#### ससुराल से करती है आना-जाना

ग्रापं राहुद मे मनरेगा तहत तालाब गहरीकरण का काम चल रहा है, वर्तमान मे वहॉ डेढ़ सौ के आसपास महिला पुरूष मजदूर काम कर रहे है जबकि दो से उपर की हाजिरी भरी जा रही है। काम नही करने वालो का पूरा भुगतान हो रहा वही काम करने वाले मजदूरों की मेहनताना राशि कम की जा रही है। मजदूरी करने वालो को पांच दिन का पांच सौ और खड़े होकर काम देखने वाले मेट को सात दिन का बारह सौ रूपया मिल रहा है। ग्रामीणों ने रोजगार सहायिका के खिलाफ कारवाई की मांग करते हुए ज्ञापन साथ दस्तावेज सौंपकर मजदूरी का पूरा भुगतान कराने, फर्जी हाजिरी का पैसा पाने वालो से पैसा वापस लेने और ससुराल मे रहकर मनरेगा का काम देखने वाली उमेश्वरी वर्मा को अविलंब हटाने की मांग की है।



## 5 कराते खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित

- देहरादून में आयोजित अभा कराते स्पर्धा के लिए खिलाड़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तराखंड के देहरादून में ऑल इंडिया कराते चैम्पियनशिप का आयोजन 8 से 12 मई तक कराते इंडिया आर्गनाईजेशन द्वारा किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 50 सदस्यीय टीम का चयन हुआ है। उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिला कराते संघ के 5 कराते खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में 6 मई को गोंडवाना एक्सप्रेस से गंतव्य की ओर रवाना हुए। ज्ञात हो कि स्पर्धा के लिए चयनित सभी खिलाड़ी कस्तूरबा महिला मंडल में संचालित राजनांदगांव एकाडमी ऑफ मार्शल आर्टस में गत कई सालों से अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी अंबर सिंह एवं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के पर्यवेक्षण में मार्शल आर्ट्स की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में अंडर-21 कुमिते (फाईट) स्पर्धा 60 से 65 किलो ग्राम वजन वर्ग में ईषभ सिंह राजपूत, 55 से 60 किलोग्राम वजन वर्ग में दुर्गेश साहू, महिलाओं के 55 किलोग्राम वर्ग में वेगिता अग्रवाल, 55 से 60 किलोग्राम वर्ग में संतोषी कोसले एवं 67 किलोग्राम वजन वर्ग में मोनिका पाढ़ी शामिल है। चयनित खिलाड़ियों को मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा, कमल पूजन, दुर्गेश त्रिवेदी, शिहान मुरली सिंह भारद्वाज ने शुभकामनाएं दी है।

## एमए हिंदी के छात्रों को दी विदाई



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग में एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय, डॉ. बीएन जागृत, डॉ. प्रवीण साहू सहित विभागीय प्राध्यापकों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में एमए पूर्व के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर और उपहार भेंट कर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते शिक्षकों को अपना फीडबैक भी दिया।

प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने शुभकामनाएं देते एमए अंतिम के विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे एक अच्छे नागरिक के रूप में इस संस्था की पहचान बनाएं। डॉ. बीएन जागृत ने कहा कि सभी विद्यार्थी किसी भी तरह की उपलब्धि प्राप्त करते हैं तो उनकी जानकारी हिंदी विभाग को अवश्य दें। डॉ. प्रवीण साहू ने कई प्रसंगो के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डॉ. गायत्री साहू, कौशिक बिशी और रितु यादव अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्र मनीष कुमार और कैलाशचंद ने किया।

# बैंक एक, ब्रांच में नियम अलग-अलग होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की बाजार अतरिया शाखा अंतर्गत आने वाले चार सेवा सहकारी समिति के पंजीकृत किसान नए नियम से खासे परेशान है जबकि खैरागढ़ ब्रांच अंतर्गत आने वाले 11 समितियों के किसान इस नियम से अछूते है। उनका कहना है कि दो अलग अलग ब्रांचों में अलग-अलग नियम कैसे लागू हो सकता है जबकि बैंक एक है। जानकारी अनुसार बाजार अतरिया अंतर्गत आने वाले चार समितियों में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किसान ऋण को लेकर फरमान जारी किया गया है जिसके तहत पंजीकृत किसान अब रबी और खरीफ फसल के लिए दो बार आवेदन करेंगे जिसके बाद उनका ऋण स्वीकृत होगा। एक सत्र के दो सीजन मे ऋण देने का तुगलकी फैसला बाजार अतरिया अंतर्गत आने वाले समितियो मे लागू किया गया है जबकि खैरागढ़ अंतर्गत आने वाले 11 समितियों मे एक सीजन मे दोनों फसलों के लिए एकमुश्त ऋण दिया जा रहा है। नाराज किसानों का कहना है कि बाजार अतरिया बैंक के तुगलकी एकतरफा आदेश से उन्हे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन ने लगभग दस साल पहले रबी और खरीफ फसल का कृषक ऋण किसानों की सहूलियत को देखते हुए एकमुश्त दिए जाने का निर्णय लिया था जिसका पूरी तरह से पालन भी ज्यादातर ब्रांच मे हो रहा है, लेकिन अपवाद के रूप मे बाजार अतरिया अंतर्गत आने वाले चार समितियों में इस आदेश के चलते किसान परेशान हो जाएंगे और ऐन खेती किसानी के समय ऋण लेने उन्हें पहले समिति फिर ऋण राशि का भुगतान लेने बैंक आना पड़ेगा जिससे उनका समय खराब होगा वही आने जाने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा।

#### नए नियम से साहूकारों के दर पर लौटने मजबूर

जिले के किसानों को खेती किसानी के काम मे आर्थिक रूप से मजबूती देने और बार बार साहूकारों के दरवाजे से हटाने की नीयत से लगभग दस साल पहले जिला सहकारी बैंक प्रबंधन ने पुराने नियम को दरकिनार कर नया नियम लागू किया था जिसमें किसान को रकबे के आधार पर दोनों सीजन के लिए बिना ब्याज एकमुश्त ऋण उपलब्ध कराया जाता था, लेकिन अब उसी पुराने नियम को आधार बनाकर बाजार अतरिया अंतर्गत आने वाले समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नया आदेश जारी किया गया है जिसको लेकर किसान खासे परेशान नजर आ रहे है। गौरतलब है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराने से किसानों को साहूकारों से छुटकारा मिला और इसी ऋण के बदौलत काश्तकारी में सफल हुए। अब प्रबंधन के नए आदेश से सिर्फ चार समितियों किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरे आ गई है।

#### अलग-अनग ऋण के निर्देश

प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एकमुश्त ऋण वितरण दस्तावेज में हस्ताक्षर नहीं किया गया। रबी व खरीफ फसल के लिए अलग-अलग ऋण देने का निर्देश दिया गया है।

- **नोहर वर्मा,** पर्यवेक्षक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बाजार अतरिया

#### किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं

किसानों को इस मामले में घबराने या चिंता करने की आवश्यकता नही है। पुराने तरीके पर ही उन्हें दोनों सीजन के लिए एकमुश्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

- **सचिन सिंह बघेल,** अध्यक्ष जिला सहकारीकेंद्रीय बैंक राजनांदगॉव

# किसान विरोधी अधिकारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष हिरेंद्र साहू, महामंत्री रविंद्र वैष्णव, विरेन्द्र साहू, दादुराम सोनकर, रवि सिन्हा, रामेश्वर चंद्राकर, खिलेश्वर साहू, देवल साहू की उपस्थिति में उपायुक्त सहकारिता राजनांदगांव द्वारा तानाशाही पूर्ण किसान विरोधी आदेश के विरोध में कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि गत 12 वर्षो से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा सरकारी समितियां के माध्यम से किसानों को कृषि कार्य हेतु 20000 रुपए प्रति एकड़ एवं 6000 रुपए खाद-बीज के लिए प्रदाय किया जाता था। यह राशि किसानों को एक माह पूर्व ही प्राप्त हो जाती थी। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर इसे कम कर 10500 रुपए प्रति एकड़ देने का तानाशाही पूर्ण आदेश उपायुक्त सहकारिता द्वारा किया गया है, जो सर्वथा अनुचित है और किसी विशेष राजनीतिक दल को राजनीति फायदा देने का प्रयास परीलक्षित हो रहा है। इस संबंध में स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भी किसान मोर्चा ने विशेष आग्रह किया है कि वह इस दिशा पर सकारात्मक कदम उठाने एवं दिशा-निर्देश कर स्थिति को सामान्य करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

#### भ्रष्ट कार्यों पर रहा पूर्ण संरक्षण

कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि जिला सरकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान का इनके अव्यावहारिक और भ्रष्ट कार्यों का पूर्ण संरक्षण रहा। उपायुक्त के इस आदेश के कारण किसान एक माह से कृषि ऋण केसीसी नहीं बनवा पा रहे हैं। ऐसे किसान विरोधी और भ्रष्ट आचरण के अधिकारी को तत्काल निलंबित किया जाए। जिसका भारतीय जनता किसान मोर्चा पुरजोर विरोध करती है एवं ऐसे अधिकारी को किसानों के हित में तत्काल निलंबित करने का मांग करती है। पूर्व की भांति ही किसानों को 2024-25 के लिए कृषि ऋण प्रदान किया जाए की मांग रखती है अन्यथा किसान मोर्चा अपने हक के लिए उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगा। उक्त जानकारी भाजपा दक्षिण मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ने दी।

# विद्यार्थियों को परीक्षाओं की तैयारी के लिए मोहला में निःशुल्क कोचिंग

### प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए 7 केंद्रों में कोचिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आगामी 9 जून को होने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी के लिए मोहला विकासखंड के 7 केंद्रों में निःशुल्क शिखर कोचिंग 8 मई से संचालित किया जाएगा। मोहला विकासखंड के सोमाटोला, डुमरटोला, गोटाटोला, आलकन्हार, वासडी, रेंगाकठेरा व मोहला इन सभी 7 जगह पर शिक्षकों की मदद से निःशुल्क कोचिंग बच्चों को कराया जाएगा। परीक्षा की तैयारी कर रहे कोई भी विद्यार्थी अपने पालक से सहमति लेकर इस कोचिंग में निःशुल्क प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी ही प्रयास चयन परीक्षा हेतु पात्र हैं। ज्ञात हो कि प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने का कार्य 17 मई तक किया जा रहा है। इसकी परीक्षा 9 जून को होगी। प्रदेश में कुल 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है, जहां बालिकाओं के 855 व बालको के 1050 कुल 1905 के लिए सीट उपलब्ध हैं। प्रयास आवासीय विद्यालय एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है, जहां चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक निःशुल्क शिक्षा तथा मेडिकल एवं इंजीनियरिंग फील्ड में जाने हेतु विशेष कोचिंग कराई जाती है। पूर्व वर्ष मोहला से 69 बच्चों का चयन प्रयास विद्यालय हेतु हुआ था।

#### शिक्षक देंगे निःशुल्क कोचिंग

ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी बच्चों के प्रति अपना समर्पण दिखाते मोहला के शिक्षक मलेश मालेकर, अजिताभ वर्मा, आलोक मसीह, धन्नूराम देवांगन, राकेश कुमार देवांगन, लोकेश जायसवाल, पीलालाल देशमुख, हीरालाल आर्य, मार्टिन मसीह, राजकुमार यादव, युगल किशोर सिन्हा, जीवनलाल नायक, सबीहा कुरेशी, लोकेश कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, देवानंद टंडन, वीरेंद्र चंद्रवंशी, सागर राजपूत, ललिता छेदैया, रेशम कुमार जायसवाल, ज्योति नेताम, सत्येंद्र ताम्रकार, जितेंद्र सिन्हा, खेमन लाल धनगुन, सेवाराम जोशी, अभिलेश कुमार मेश्राम, सुरेंद्र चंद्रवंशी, किशन लाल परतेती, रमेश कुमार कोर्राम, दुर्योधन नेताम, चरण सिंह खुड़साम, ठाकुरराम रावटे, हिमेंद्र कुमार साहू, अजय पाल, दिनेश सिंह कोचिंग में अपना योगदान देंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार देवांगन के नेतृत्व में इन शिक्षकों द्वारा वनांचल के बच्चों को चयन परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

### सहसपुर में है प्रदेश का पहला पुलिंग सबस्टेशन

# जिले में स्थापित पहले सोलर पार्क का कलेक्टर चन्द्रकांत ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के सहसपुर में स्थापित जिले के पहले सोलर पार्क का कलेक्टर चंद्रकातं वर्मा ने अवलोकन किया। सोलर पार्क के संबंध में संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेकर उन्होंने जिले में सौर ऊर्जा को लेकर और अधिक संभानाओं पर विचार-विमर्श किया और सकारात्मक संभावनाओं की तलाश करने कहा। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने चर्चा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की प्रगति के लिहाज से सौर ऊर्जा एक जरुरी परियोजना है, जिस पर और ज्यादा ध्यान देने की जरुरत है। जिले में जहॉ भी सौर परियोजना विकसित करने की संभावना है, उस पर तेजी के साथ काम करना है। गौरतलब है कि मेसर्स एसआरवी सोलर ऊर्जा प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 7 सोलर कंपनियों के माध्यम से सोलर पार्क स्थापित किया गया है। इसके अलावा जिले में गंडई तहसील के ग्राम ठंडार में भी इनके द्वारा 40 मेगावाट का नया सोलर पार्क स्थापित करने का कार्य निर्माणाधीन है। निर्माण उपरांत उत्पादित बिजली को 132/33 केवी सबस्टेशन गंडई में इंजेक्ट किया जाएगा। इस दौरान सहायक अभियंता केके सुनहरे, एसआरवी सोलर ऊर्जा प्राईवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर प्रोजेक्ट एसके सतपथी, सीएसपीडीसीएल डीई छगन शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



#### कुम्ही सब स्टेशन से हो रही आपूर्ति

ब्लाक के ग्रापं सहसपुर में मेसर्स एसआरवी सोलर ऊर्जा प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगभग 50 एकड़ भूमि में प्रदेश का प्रथम पुलिंग सबस्टेशन स्थापित किया गया है। संबंध में सीएसपीडीसीएल के कार्यपालन अभियंता छगन शर्मा ने बताया कि सोलर पार्क से 20 मेगावाट बिजली का उत्पादन प्रारंभ हो गया है, उत्पादित बिजली को कुम्ही स्थित 132/33 केवी सबस्टेशन में इंजेक्ट किया जा रहा है इससे जिले में बिजली आपूर्ति करने में सहूलियत हो रही है और आम उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल रहा है।

CSPDCL

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
**कार्यालय- कार्यपालन अभियंता (प्रोजेक्ट) संभाग, राजनांदगांव**

**// आवश्यक सूचना //**

समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है, कि चौकी-मोहला-मानपुर जिले में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत ग्राम सीतागांव में 33/11 के.व्ही. नये उपकेंद्र का निर्माण किया गया है एवं जिसके लिये लगभग 1.50 किलोमीटर की 33 के.व्ही. की दो लाईनें एवं 11 के.व्ही. लाईनों का निर्माण कार्य किया गया है। उक्त निर्माणाधीन 33 के.व्ही. लाईन जो 33 के.व्ही. औंधी फीडर से टेप होकर ग्राम-सीतागांव से होते हुए नये निर्माणाधीन उपकेन्द्र सीतागांव तक पहुंचती है।

उक्त उपकेंद्र से निकलने वाली 11 के.व्ही. लाईन ग्राम सीतागांव (शहर) एवं थाने के पीछे क्षेत्र से होकर गुजरेगी।

उक्त 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. लाईनों को इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से कभी भी ऊर्जीकृत किया जा सकता है, अतः विद्युत लाईन के खंभों एवं स्टे आदि से सुरक्षित दूरी बनाये रखें तथा किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।

**(एस.के. चन्द्राकर)**
कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि. राजनांदगांव

## सार समाचार



राजनांदगांव। हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के विजेता पाठकों को उपहार प्रदान करते हुए प्रांतीय प्रभारी धन्य कुमार जैन।

### वात्सल्य मंदिर में परिणय सूत्र में बंधेंगे जोड़े

- अक्षय तृतीया पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न होंगे विवाह संस्कार

**राजनांदगांव।** भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के वात्सल्य मंदिर में वैवाहिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधने जा रहे हैं। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई। 10 मई अक्षय तृतीया के दिन शक्तिपीठ के वात्सल्य मंदिर में गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जोड़ों का विवाह संस्कार संपन्न कराया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि सत्य सनातन हिन्दू धर्म में मनुष्य के जीवन के सोलह संस्कारों का विशेष महत्व है। इसमें से एक महत्वपूर्ण संस्कार विवाह संस्कार है। गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा यज्ञायोजन के बीच वैदिक मंत्रोच्चार करते विधि-विधान के साथ विवाह संस्कार संपन्न कराया जाता है। ट्रस्टीद्वय ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में नवयुगल जोड़ों का वैदिक विधि से विवाह संस्कार के लिए पंजीयन कर ली गई है।

#### गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ व संस्कार

गायत्री मंदिर के व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने बताया कि 23 मई को अभा गायत्री परिवार द्वारा देशभर में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ-उपासना का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ द्वारा भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया अवसर पर वात्सल्य मंदिर में आयोजित यज्ञायोजन व विभिन्न संस्कारों के बीच संपन्न होने वाले नवयुगल जोड़ों के विवाह संस्कार में शामिल होने व उन्हें दूधों नहाओ, पूतो फलों का आशीर्वाद देने समस्त गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मियों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील की गई है।

## कलेक्टर ने धीरी परियोजना का किया निरीक्षण

# ट्रीटमेंट कर 24 गांव में की जा रही पेयजल की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बुधवार को राजनांदगांव स्थित धीरी परियोजना का निरीक्षण किया। इसके कुछ दिनों पहले कलेक्टर अग्रवाल ने ग्राम ईरा में इंटकवेल का अवलोकन किया था, जहां पानी नहीं था। उन्होंने दुर्ग जिले से समन्वय करते व्यक्तिगत तौर पर पहल की और दुर्ग जिले में डुडा एनीकट के निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण कराने कहा, जिसका सुखद परिणाम मिला। धीरी परियोजना में अब पानी की समस्या नहीं है और जल से भरा हुआ है। इस परियोजना के तहत नदी से पानी लेकर उनका ट्रीटमेंट कर 24 गांवों में जल की आपूर्ति की जा रही है।

कलेक्टर अग्रवाल ने सेवा सहकारी समिति सोमनी का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से चर्चा की तथा काउंटर पर खड़े होकर खाद एवं बीज लेने आए किसानों की प्रक्रिया को देखा। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बैंक में किसानों को कम समय लगे इस बात के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान



### कुछ घरों में नहीं पहुंच पा रहा पानी

उन्होंने ग्राम धीरा, सांकरा, धीरी और सोमनी में ग्रामीणों से पेयजल के संबंध में चर्चा की। ग्रामवासियों ने बताया कि कुछ स्थानों में पानी की समस्या है। गांव में टूल्लू पंप लगे होने के कारण जल का स्तर नीचे चला गया है और कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कलेक्टर ने पंचायत एवं पीएचई विभाग की टीम को ग्रामों में निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 28 करोड़ 77 लाख 44 हजार रुपए की लागत से निर्मित धीरी परियोजना से 24 गांव में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम सोमनी, खुटेरी, ठेकवा, ठाकुरटोला, मनकी, तोरनकट्टा, सुंदरा, ईरा, सांकरा, धीरी, फरहद, ककरेल, महुआभाठा, परमालकसा, अचानकपुर भाठापारा, बैगाटोला, नवागांव, फुलझर, बिरेझर, इंदावानी, टेड़ेसरा, कोपेडीह, मगरलोटा, देवादा लाभान्वित हो रहे हैं। इन ग्रामों में उच्च स्तरीय जलागार बनाया गया है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी समीर शर्मा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन जीडी रामटेके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# रोशन साहू बने सिरजन संस्था के जिला संयोजक

**राजनांदगांव।** लोककला एवं साहित्य संस्थान सिरजन इकाई राजनांदगांव की कार्यकारिणी की बैठक एवं काव्य गोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार रोशन साहू के दीनदयाल नगर राजनांदगांव में स्थित उनके निज निवास में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रदेशाध्यक्ष एवं हरिभूमि के चौपाल अंक के संपादक व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दीनदयाल साहू (भिलाई) ने की। बैठक में संस्था का पुनर्गठन करते रोशन साहू साहित्यकार को जिला संयोजक नियुक्त किया गया। वे अब शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष श्री साहू ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते कहा कि नव कलमकारों को सामने लाने की दिशा में काम करेंगे। जिसमें सभी साहित्यकारों का योगदान अपेक्षित है। सभा को संयोजक कवि रोशनलाल साहू, साकेत के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, साकेत के अध्यक्ष लखन लाल साहू, पुरवाही के संगठन



सचिव युनुस अजनबी, साकेत के सचिव कुलेश्वरदास साहू, साकेत के वरिष्ठ सदस्य फकीर प्रसाद साहू, साहित्यकार जयप्रकाश साहू, कवयित्री माला गौतम एवं चेतना साहू, वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर साहू, जय साहू, भारती साहू, संतराम साहू ने अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ. दीनदयाल साहू ने कहा कि अखबारों व मैगजीन में रचनाएं प्रकाशित हो जाना मायने नहीं रखता, अपितु कृति की प्रमाणिकता एवं समाज उपयोगी संदेश साहित्यिक स्तर के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसके लिए नवोदित साहित्यकारों का प्रेरित कर पाना सिरजन साहित्य संस्था का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों ने श्रृंगारिक समसामयिक ,व्यंग्य, हास्य रचनाओं का पाठ किया।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति) साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय दोप 12 बजे से 2 बजे तक एवं शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक।
स्थान
हरिभूमि जिला कार्यालय
दुर्गा चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)

# आज के जीवन में जरूरी है माइंड मैनेजमेंट: मुनि

**राजनांदगांव।** युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि आज के जीवन में माइंड मैनेजमेंट की बहुत ज्यादा जरूरत है। माइंड यदि शांत है तो जीवन में सब कुछ अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि जीवों का आधार जिस तरफ प्रकृति और धरती है, वैसे ही जितने भी तीर्थंकर हुए हैं और होंगे उनका आधार शांति है। धर्म का पहला सूत्र है शांति जीवन।

तेरापंथ भवन में बुधवार को अपने प्रवचन के दूसरे दिन उन्होंने कहा कि शांति और अशांति के बीज हमारे भीतर ही है। अब सवाल यह उठना है कि हम किसे पसंद करते हैं शांति को या अशांति को। जीवन में आज किसी मैनेजमेंट की जरूरत है तो वह है मूड मैनेजमेंट की। मूड और माइंड मैनेजमेंट दोनों एक-दूसरे के साथ है। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क सबसे शक्तिशाली है, क्योंकि हम कोई भी क्रिया करते हैं तो वह कमांड मस्तिष्क को देता है। उन्होंने कहा कि आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं कर सकते तो यह मान लीजिए कि



आपके पास आपका नियंत्रण नहीं है। आपके इमोशन पर आपका नियंत्रण होना चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि धर्म हमें सामायिक सिखाता है। सामायिक स्वयं को देखना, जानना और स्वयं को विपरीत परिस्थितियों में भी कैसे पेश करें, यह सिखाता है। धर्म सिखाता है आपका पीसफुल माइंड कैसे हो। दो मिनट का गुस्सा भी आपकी जिंदगी तबाह कर सकता है। यह गुस्सा हंसते-खेलते परिवार को वीराने में बदल देता है। जीवन एक संग्राम है। परिस्थितियां तो बदलती रहती है। माइंड को पीसफुल बनाना है तो क्रोध को हमें दूर रखना होगा। विवाद जिंदगी को नर्क बनाता है और संवाद जिंदगी को स्वर्ग बनाता है। परिस्थितियां कैसी भी हो, अपने मन को संदेश दें कि जीव शांत रहे।

मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि पीसफुल माइंड, पॉजिटिव माइंड होने पर ही हो सकता है। आप अपने मस्तिष्क को सकारात्मक सोच दें। हम दूसरों को पॉजिटिव देखते हैं तो हमारा जीवन भी पॉजिटिव हो जाता है। पॉजिटिव सोच जीवन में शांति लाता है। उन्होंने कहा कि समय बदलेगा, लोग बदलेंगे, परंतु हमें अपने शांतिपूर्ण विचार को नहीं बदलना चाहिए। सकारात्मक रहने पीछे का जिक्र एवं आगे की फिक्र नहीं करनी चाहिए। पीसफुल और पॉजिटिव माइंड होने पर हमारा माइंड स्वयं ही पावरफुल हो जाएगा। शांतिपूर्ण जीवन के लिए यह जरूरी है कि हमारा माइंड पीसफुल, पॉजिटिव और पावरफुल हो। इससे पहले मुनिश्री नरेश ने कहा कि धर्म अजर-अमर एवं अविनाशी है। जीवन तभी आनंद देता है, जब मन में करूणा और दया का भाव हो।

# प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ो विकासखंड मोहला में सत्र 2024-25 कक्षा 6वीं में रिक्त 18 सीट बालिकाएं हेतु प्रवेश आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। निम्नलिखित समूह की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। शाला अप्रवेशी/शाला त्यागी बालिकाएं, पालक/अभिभावक नहीं होने के कारण शिक्षा से वंचित बालिकाएं, आर्थिक अथवा किसी अन्य कारण से आगे की पढ़ाई से वंचित होने की संभावना, नक्सल प्रभावित क्षेत्र के कारण शिक्षा से वंचित बालिकाएं, 5 किलोमीटर से अधिक की दूरी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बालिकाएं, विशेष आवश्यकता वाली निःशक्त बालिकाएं, ऐसी बालिकाएं जिनकी उम्र अन्य बालिकाओं से अधिक हो, कठिन भौगोलिक कारणों से प्रारंभिक शिक्षा से वंचित बालिकाएं सहित अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. एवं अल्पसंख्यक समुदाय की बालिकाएं को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी।

# कम पानी का करें निराकरण

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बुधवार सुबह तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ लखोली के जनता कालोनी, राहुल नगर, बैगापारा, धरसा रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं पानी सप्लाई की क्षेत्रवासियों से जानकारी लेकर कम पानी आने का निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

आयुक्त गुप्ता लखोली स्कूल के पास सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सफाई के आभाव एवं पानी की सुविधा नहीं होने पर नराजगी व्यक्त करते सुलभ के संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर की जांच कर कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय तक सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में मौसमी बीमारी को ध्यान में रखते साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करें, लोगों को भी साफ-सफाई रखने समझाईस दें। इसके अलावा लखोली शीतला तालाब के आसपास साफ-सफाई रखने निर्देशित किया।

आयुक्त गुप्ता ने निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान जनता कालोनी में निर्माणाधीन पुलिया निर्माण कार्य देख कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव से कहा कि सभी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखकर नियमित रूप से तराई कराएं। उन्होंने जनता कालोनी व राहुल नगर में पानी के संबंध में लोगों से जानकारी ली। कम पानी आने की शिकायत पर उक्त क्षेत्र में पानी सप्लाई के समय पहुंचकर जांच करे एवं उसका निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों से पानी कम आने या गंदा आने की शिकायत प्राप्त होती है, उसका स्थल निरीक्षण कर निराकरण करें, ताकि गर्मी में पर्याप्त पानी सप्लाई हो सके। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता गरिमा वर्मा, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# वर्धमान नगर में घटिया सड़क निर्माण



**राजनांदगांव।** भाजपा के शहर उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने नगर निगम प्रशासन को आड़े हाथ लेकर आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में निगम द्वारा सरासर झूठ बोला जा रहा है कि वार्ड 19 वर्धमान नगर में निर्माणाधीन सड़क बाईक शो-रूम की वजनी गाड़ियों के आवाजाही से रोड में दरार पड़ी है, बल्कि सच्चाई यह है कि ठेकेदार द्वारा गलत व भ्रष्टाचार तरीके से निर्माण किया जा रहा है, इसलिए सड़क में न सिर्फ दरार आई है, बल्कि निर्माणाधीन सड़क अभी से उखड़ने लगा है। निगम के अफसर संबंधित ठेकेदार को बचाने का काम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उन भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण में ही ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। भाजपा नेता सुमीत का कहना है कि निगम आयुक्त व अधिकारियों को चाहिए था कि इस सड़क निर्माण कार्य का वर्धमान नगर में जाकर निरीक्षण करें, ताकि वहां की वस्तुस्थिति पता चल सके। अपने कार्यालय में एसी में बैठकर भ्रष्ट ठेकेदार को बचाने निगम द्वारा इस तरह का बयान दिया जा रहा है। सुमीत ने निगम आयुक्त को चेतावनी देते कहा कि अगर सड़क निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वह वार्डवासियों के हित में वार्डवासियों के साथ मिलकर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी निगम की होगी।












## खबर संक्षेप

### निःशुल्क ग्रीष्मकालीन चित्रकला, संगीत व मूर्तिकला 11 मई से

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ कबीरधाम द्वारा 32वां वर्ष निःशुल्क ग्रीष्मकालीन चित्रकला व संगीत तथा मूर्तिकला का आयोजन 11 से 16 मई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें शहर के हृदय स्थल वीर स्तम्भ चौंक प्रमुख प्राथमिक शाला में प्रातः 7.30 से 9.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें शहर सहित आसपास क्षेत्र के प्रतिभागियों को बड़ी संख्या में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन चित्रकला, संगीत व मूर्तिकला शिविर में हिस्सा लेकर अपनी सहभागिता निभाएं।

### कक्षा 9वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन

**कवर्धा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन मांगाए गए है। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई जिसमें आवेदन 17 मई की रात्रि 12 तक भरे जा सकते है। ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 से 20 मई तक किया जाएगा।

### कोरोना काल के बाद से ग्रामीण गैस की बीमारी से परेशान

**कोलेगांव।** पूरे भारत देश में कोरोना काल के समय मनुष्य यहां से वहां अपनी जान बचाने के लिए अपना सुरक्षित जगह ढूंढ रहे थे उसके बाद भी न जाने कितने लोगों की जान चली गई। कई लोगों का पूरा जिंदगी उजड़ गई कई लोगों की जान चली गई उसके बाद से मनुष्य के जीवन में कुछ ना कुछ बीमारी से परेशान नजर आ रहें है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खासकर लोंगों में गैस की बीमारी लगातार बढ़ रहा है गैस की बीमारी होने के कारण मनुष्य के जीवन भी पूरी तरह थकान व दर्द से परेशान है।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक सम्राट)
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

न्यायालय श्रीमान चतुर्थ अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)
(इश्तहार)
दिलीप चंद्रवंशी वगैरह ..........आवेदकगण
विरुद्ध
नन्दु यादव वगैरह ..............अनावेदकगण
प्रकरण सी टी क. 1448 /2023
पेशी तारीख 14/06/2024
प्रो न. 775
1. नन्दु यादव, उम्र लगभग 37 वर्ष, पिता श्री लोचन यादव, हाल मुकाम ग्राम खरीदा कला, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)
आपके विरुद्ध इस न्यायालय में आवेदक दिलीप चंद्रवंशी के द्वारा रूपये 43,50,000/- (तैंतालिस लाख पचास हजार रूपये) क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु आवेदकगण के द्वारा अनावेदकगण के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत दावा प्रकरण संस्थित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 14/06/2024 को दिन के 11:00 बजे दावा प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर / अभिवक्ता के द्वारा उपसंजात (हाजिरी) हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहे, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिरी नहीं होंगे तो आपके विरुद्ध दावा की एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारण वश पेशी तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जायेगी।
आज दिनांक 30/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
स्थान :- बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 30/04/2024
कु.पुष्पलता मारकण्डे
चतुर्थ अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)

**फसल क्षतिग्रस्त :** तेज आंधी-तुफान के साथ शहर सहित क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश

# बेमौसम बारिश व आंधी-तूफान से केले की फसल बर्बाद किसानों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

अचानक मौसम में परिवर्तन व बेमौसम हल्की तेज बारिश तथा तेज आंधी तूफान एवं से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा है। वहीं मंगलवार की शाम तेज आंधी एवं बेमौसम बारिश का किसानों को सामना करना पड़ा। इस तेज आंधी तुफान से कई जगह पर पेड़ धाराशाही हो गए, इस दौरान कई गांव में बिजली गुल भी रही। बेमौसम हल्की तेज बारिश व तेज आंधी तुफान से जहां केले एवं कई तरह की फसलों को भी किसानों भारी नुकसान हुआ है। मंगलवार को शाम 4-5 बजे अचानक तेज आंधी तुफान के साथ बेमौसम हल्की तेज झमाझम बारिश हुई। जिससे बढ़ती तेज धूप व उमस सें लोगों को इस तेज हवा पानी से कुछ समय के लिए राहत मिली है। लेकिन मौसम बदलने व तेज आंधी तुफान व बेमौसम बारिश से किसानों के खेतों में पककर तैयार हुए फसल बेमौसम बारिश से किसानो को भारी नुकसान हुआ है।

### सांग-सब्जी व केले की फसल को भारी नुकसान, मुआवजा की मांग



अचानक हुई बेमौसम बारिश के चलते आंधी तूफान से हड़कंपम मचा गई जिनके कारण जन-जीवन पर गहरा भी प्रभाव पड़ा। तेज आंधी तूफान व बेमौसम बारिश के चलते खेतों पर परिपक्व हो रही साग-सब्जी और केले की फसल पूरी तरह गिरकर नष्ट हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दौजरी के किसान रितेश चंद्रवंशी ने पांच एकड़ खेत में बागवानी फसल केले की ले रहे हैं, जो फसल तैयार हो चुकी थी वहीं अचानक हुई हल्की तेज बारिश व आंधी-तूफान के चलते केले के फसल गिर गई जिनके कारण से किसानों को नुकसान हो गई। जिस किसानों ने शासन प्रशासन को फसल क्षतिपूर्ति की मुआवजा की मांग की गई ताकि किसानों को मूलधन बन सकें। इसी तरह कई किसानों की खेतों में हरी-भरी साग-सब्जी टमाटर व पपीता तथा केले की फसल भी बर्बाद हुई है।

## मोहतरा कला से रबेली मार्ग तालाब किनारे सड़क चौड़ीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य ग्राम मोहतरा कला से रबेली तक करवाया गया है। लेकिन मोहतरा कला के तालाब के पास सड़क किनारे पिचिंग का कार्य शासन व ठेकेदार तथा जिम्मेदारों द्वारा आधा-अधूरा कार्य होने के कारण प्रधानमंत्री सड़क व तालाब किनारे मिट्टी नहीं डाला गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तालाब सड़क किनारे चौडीकरण नहीं होने के कारण तालाब के किनारे का मिट्टी धीरे-धीरे कटकर रोड के किनारे आ गया है, मिट्टी सड़क के किनारे आ गया है कहीं आने-जाने वाले मोटर साइकिल व राहगीर सड़क हादसा का शिकार ना हो जाए। जिस पर ग्रामीणों नें जिम्मेदारों व ठेकेदार तथा विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द सड़क किनारे मिट्टी डाला जाए ताकि तालाब रोड़ के किनारे चौड़ीकरण हो सकें तथा आवागमन सुगम हो।

# आठ दिवसीय निःशुल्क स्पाइन एवं जोड़ों के दर्द का शिविर संपन्न



■ आठ दिवसीय नि :शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर में सैड़कों ग्रामीण हुए लाभावित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नगर पालिका परिषद पंडरिया पार्षद पदमनी संजू तिवारी व समस्त पार्षदों के सहयोग से सामुदायिक भवन में आठ दिवसीय 1 से 8 मई तक निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन जीपी बनर्जी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया द्वारा जन्म दिवस पर श्री महामाया सर्व समाज सामुदायिक भवन में किया गया।

जिसमे राजस्थान के जोधपुर से पहुंचे फिजियोथेरिपिस्ट डॉ चौधरी एवं उनके टीम द्वारा अपनी सेवाएं दी गई तथा जीपी बनर्जी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अतिथि चिकित्सक दल के लिए आवास-भोजन की व्यवस्था कर बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को स्पाइन रीढ़ की हड्डी और जोड़ो के दर्द एवं शरीर के अन्य हड्डियों के रोग अपने चपेट में ले रहे है।

इन रोगों का समय पर उपचार नही होने से ये गंभीर रूप ले लेते है, लोगों को इन बीमारियों से निजात दिलाने के लिए 1 से 8 मई तक निःशुल्क फिजियोथेरिपी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 8 मई को नगर के वार्ड क्रमांक 15 पर स्थित श्री महामाया सर्व समाज सामुदायिक भवन पर निरंतर आयोजित किया वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण इस निःशुल्क शिविर का लाभ लिया।

प्रथम दिवस 1 मई से जोधपुर से आए फिजियोथेरेपिस्ट डॉ एआर चौधरी, रमेश पवार एवं उनके टीम द्वारा प्रारम्भ किया गया था, जिसमे 1 से 8 मई तक पंडरिया नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग शिविर स्थल में पहुंचकर ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, हाथ एवं पैरों का शून्य रहना, साइटिका दर्द और जोड़ो के दर्द, थायराइड और माइग्रेन का इलाज किया गया।

### नगर पंचायत पंडरिया में निःशुल्क शिविर दूसरी बार आयोजित

प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद श्रीमती पदमनी संजू तिवारी द्वारा पंडरिया के वार्ड क्रमांक 15 में इस प्रकार के शिविर का आयोजन दूसरी बार किया गया, जिसका लाभ पंडरिया एवं क्षेत्र के लोगो को बड़े पैमाने पर मिला। इससे पूर्व वर्ष 2022 में इस तरह निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे सैकड़ो की तादाद में लोगो ने शिविर स्थल में पहुंचकर निःशुल्क शिविर में लाभावित हुए। 2022 में आयोजित फिजियोथेरिपी शिविर में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जीपी बनर्जी ने शाररिक पीड़ा से निजात पाया था, इस वर्ष उन्होंने दूरभाष के माध्यम से अनेकों पीड़ति मरीजों को सूचित कर शिविर में सम्मलित होने प्रेरित किया। जैसे शरीर के कई असमान्य स्थितियो के इलाज के रूप में पिछले दो दशकों में फिजियोथेरिपी की मांग तेजी से बढ़ी है। शरीर की गतिशीलता और कार्यों में सुधार करने के साथ शरीर मे कई तरह के गंभीर दर्द और उम्र आधारित चिकित्सकिय स्थितियों को ठीक करने में फिजियोथेरिपी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सर्जरी के बाद तेजी से रिकवरी और शरीर को दोबारा क्रियाशील बनाने में भी फिजियोथेरिपी बहुत ही फायदेमंद उपचार पद्धति मानी जाती है। सरल भाषा मे समझे तो फिजियोथेरिपी मेडिकल साइंस की ऐसी प्रणाली है जिसके सहायता से कई जटिल रोगों का इलाज संभव होता है।

### गठिया और लकवा जैसे स्थितियों में विशेष लाभदायक दवाइयों पर निर्भरता कम करने की कोशिश

फिजियोथेरिपिस्ट डॉ चौधरी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से इस उपचार विधि की मांग में काफी इजाफा देखा गया है। सड़क दुर्घटनाओं में सैकड़ो लोग चोटिल होते है ऐसे रोगियों की शारीरिक स्थिती को दोबारा से बेहतर बनाने या फिर ऑपरेशन के बाद रोगियों को दोबारा चलने, रोजाना के कार्यों को आसानी से करने में फिजियोथेरिपी अहम भूमिका निभा रही है। फिजियोथेरिपी में मुख्य रूप से व्यायाम और स्ट्रेचिंग को प्रयोग में लाया जाता है। इसमें न तो रोगीयों को दवा दिया जाता है और न ही इस चिकित्सा का कोई साइड इफेक्ट है यही फिजियोथेरिपी को सबसे आकर्षक बनाती है। श्री चौधरी ने बताया कि जीवन शैली में गड़बड़ी और लोगो मे बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता के कारण मौजूदा समय मे गठिया जैसे समस्याएं काफी आम हो गई है ऐसी दिक्कतों को ठीक करने में फिजियोथेरिपी सबसे कारगार चिकित्सा पद्धति मानी जा सकती है। मौजूदा वक्त में बढ़ती बीमारियों के कारण लोग न चाहते हुए भी दवाइयों पर निर्भर होते जा रहे है।

# क्षेत्र में डब्ल्यूबीएम मार्ग की दरकार, ग्रामीण व राहगीर परेशान

■ जलभराव की स्थित से मार्ग किचड़ से लथपथ।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कच्ची सड़क की तस्वीर बदलने का नाम नहीं ले रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्ता परिवर्तन व नई-नई जनप्रतिनिधि तथा मंत्री बदली लेकिन कच्ची सड़क की तस्वीर नहीं बदल रही है। जिनके कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों व दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को हुई बेमौसम हल्की तेज बारिश व तेज आंधी तुफान से कच्ची सड़क पर जल भराव की स्थिति निर्मित होने से ग्रामीणों व राहगीरों की समस्या और बढ़ गई। मार्ग में जल भराव से आवागमन बाधित होने से ग्रामीणों ने जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा कच्ची सड़क की मरम्मत तथा सुधार कार्य की मांग की गई। जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बीजाझोरी से बरबसपुर, डबराघाट और दौजरी को जोड़ने कच्ची मार्ग बनाया गया, लेकिन ग्रामीणों द्वारा बार बार शिकवा शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

वहीं मंगलवार को हुई शाम बेमौसम हल्की तेज बारिश में कच्ची मार्ग तालाब व किचड़ में तब्दील हो चुका है, वहीं लोगों को आने-जाने में बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पर रही है। जिससे रहवासियों तथा राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पक्की सड़क के अभाव में ग्रामीण तथा राहगीरों को आवागमन बंद तथा राहगीर दुसरे मार्ग से लंबी दूरी तय करने मजबूर है। यदि शासन प्रशासन व जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान तथा कच्ची सड़क की सुधार व मरम्मत एवं नव निर्मित मार्ग का निर्माण कराया जाए तो ग्रामीणों तथा राहगीरों को राहत तथा सुविधा मिलेगी।

## सरकारी जमीन हड़प कर बेच रहे जमीन दलाल, अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत अछोली में करोड़ो की शासकीय भूमि पर कब्जा करने के बाद बेच दिया गया है। वहीं अब अछोली से लगे टिकरापारा से नागतराई तक शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत होने के बाद अधिकारी जांच के नाम पर खानापूर्ति करने में लगे है। इसी तरह नेहरू महाविद्यालय के आसपास रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। टिकरापारा वार्ड 3 करबला चौक से ग्राम करवारी जलाषय तक फर्जी दस्तावेज के आधार पर फर्जी नामांतरण का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग नियम को दरकिनार कर अतिक्रमण एवं बिना अनुमति के किए जा रहे निर्माण पर कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक भू माफिया सरकारी के अलावा रेलवे की जमीनों पर अतिक्रमण कर बेचने में लगा है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने बताया कि टिकरापारा, करवारी, अछोली, अस्पताल क्षेत्र की शासकीय भूमि पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। लाखों की शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमतः कार्यवाही की जाएगी।

# लाखों हुए खर्च पर शहर की हालत जस की तस, अधिकारी और ठेकेदार लगा रहे चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ नगर पालिका ने 10 लाख कीमत की खाद मशीन को लगभग 50 लाख में खरीदा था

■ गुणवत्ताहीन कार्य होने की शिकायत के बाद जांच में लीपापोती कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया

नगर पालिका ने वार्डो में विकास कार्यो के नाम से लाखों खर्च किया है किन्तु शहर की स्थिति में अपेक्षित बदलाव देखने नहीं मिल रहा है। कहा जा रहा है कि विकास की आड़ में जमकर बंदरबाट किया गया है।

जानकारी के अनुसार विभागीय खरीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना में गडबड़ी, सीसी रोड़, सड़क डामरीकरण एवं चेकर टाईल्स, गार्डन, ओपन जिम में गड़बड़ी के मामले पूर्व में सामने आ चुके है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका ने 10 लाख कीमत की खाद मशीन को लगभग 50 लाख में खरीदा था। यह मशीन अब कबाड़ में रखी है। इसी प्रकार कांग्रेस शासनकाल में नेताओं के संरक्षण में विभिन्न कार्यों का टेंडर चहेते ठेकेदारों को दिया था। इन ठेकेदारों में कई काम को पूरा नहीं किया। गुणवत्ताहीन कार्य होने की शिकायत के बाद जांच में लीपापोती कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। बताया कि पालिका के इंजीनियर ने बिना मौका मुआयना किए ही निर्माण कार्य का मुल्याकन और सत्यापन कर दिया।

### कई अधिकारी बदले

निर्माण में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद बीते पांच सालों में कई अधिकारी बदल दिए गए किन्तु इंजीनियर पिछले 4 सालों से नगर पालिका में ही पदस्थ है। वर्तमान इंजीनियर को टेंडर प्रक्रिया में गडबडी सहित अन्य मामले की शिकायत के बाद धमतरी स्थानांतरित कर दिया गया था। वह अपनी राजनीतिक एप्रोच के चलते पुनः पदस्थापना कराने में सफल हो गए है। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के बाद कार्रवाई की आशंका को देखते हुए उक्त इंजीनियर स्थानांतरण कराने की जुगत में है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# सड़कों की हालत खस्ता, मरम्मत में कोताही

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोक निर्माण विभाग ने बीते एक दशक में सड़कों के मरम्मत और संधारण कार्य में लाखों रूपए खर्च किया है किन्तु अधिकांश कार्य कागजों में ही पूरा हो गए है। क्षेत्र की सड़कों की दशा में जरा भी बदलाव नहीं देखा जा रहा है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

अछोली से कलकसा के बीच मरम्मत कार्य में जमकर गडबडी किया गया है। यह मामला सामने आने के बाद अब तक कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं हुई है। अब विभाग के एसडीओ जवाब देने से बच रहे है। वर्तमान में कई पुरानी सड़क की जर्जर स्थिति का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के जर्जर होने से आवागमन करने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतें हो रही है। जानकारी के अनुसार कुसमी से माड़ीतराई, कोलेन्द्रा से रींवागहन, कटली से कलकसा, कोलेन्द्रा से कातलवाही, ठाकुरटोला से पलान्दुर, पलान्दुर से छीपा डोडकी मुसरा मार्ग के डामरीकरण की मांग करते हुए विधायक सहित अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। कटली से होते हुए कलकसा तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी दयनीय है।

### जर्जर सड़कों से बढ़ी परेशानी

इसी प्रकार कोलेन्द्रा से रींवागहन सडक पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छले कई सालों से सड़क की मरम्मत नहीं की गई है, जिसके चलते सड़क से डामर गायब हो गया है। सड़क पर गिट्टी ही गिट्टी नजर आ रही है। इसी प्रकार बसंतपुर राजनांदगांव मार्ग के डामरीकरण की राह लोग तक रहे हैं। इस मार्ग से बड़ी संख्या में वाहन चालक, बच्चे आदि आवागमन करते हैं। इस मार्ग पर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़कों से वाहनों के गुजरने पर धूल का गुबार फैल जाता है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### 4 जून को प्रातः 7 बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम

**कवर्धा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान के बाद 71 पंडरिया एवं 72 कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम, वीवीपैट कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड़ कवर्धा में स्थित स्ट्रांग रूम में आवश्यक सुरक्षा के साथ सुरक्षित रखा गया है। मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम 04 जून 2024 को प्रातः 7 बजे खोला जाएगा। उस समय अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रह सकते है। तत्पश्चात प्रातः 08 बजे से मतगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### डीएम ने किया उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**कवर्धा।** जिले के विकाखण्ड पंडरिया के दौरे पर निकले कलेक्टर जनमेजय महोबे ने उप स्वास्थ्य केन्द्र पौनी में चल रहे अनिवार्य टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रीष्म कालीन मौसम को देखते हुए मौसमी बिमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सीएचओ को गांव की महिलाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र में पेशेंट टायलेट निर्माण के लिए सीजीएमएसी को निर्देशित किया।

### श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

**कवर्धा।** कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नवागांव में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसका भव्य समापन गत दिनो किया गया। इस धार्मिक आयोजन में कथा व्यास भरत बिहारी वाजपेयी रहे। वहीं ग्रामाचार्य सूरज प्रसाद तिवारी परायणकर्ता भीमजी महाराज थे। कथा विराम के रोज नवागांव सहित आसपास गांव से श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे।

### बीए बीएड वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने बीए बीएड भाग-एक, दो, तीन, चार वार्षिक परीक्षा-2024 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इसके तहत बीए बीएड भाग-एक का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 93.88 प्रतिशत, बीए बीएड भाग-दो का 100 प्रतिशत, बीए बीएड भाग-तृतीय का 92.68 प्रतिशत, बीए बीएड भाग- चार का 98.04 प्रतिशत रहा।

**कार्रवाई :** गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में नक्सलियों के विरूद्ध की जा रहा ठोस कार्रवाई

# नक्सल मूवमेंट को पीछे धकेलने चार नए फारवर्ड कैम्प स्थापित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन और कवर्धा विधायक विजय शर्मा को राज्य के गृह मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके निर्देश पर सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ कश्मीर की तर्ज पर टारगेट बेस्ड आपरेशन शुरू कर दिया है। जिसके अभी तक बेहद सार्थक परिणाम देखने को मिल रही है सत्ता परविर्तन से लेकर आज पर्यत दर्जनो की संख्या में कई बड़े और ईनामी नक्सली तथा उनके आका ढेर किए जा चुके है। इस कार्य को सुनियोजित ढंग से आजापम देने के जिए इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल प्रभावित इलाकों में घुसकर जवान नक्सलियों को टारगेट बना रहे हैं। राज्य में डबल ईंजन वाली विष्णुदेव साय सरकार आने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा के दिशा निर्देश पर नक्सल क्षेत्र में खुफिया तंत्र को मजबूत कर दिया गया है। नक्सलियों की हर गतिविधियों पर सुरक्षा बलों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। गांव मे सुरक्षा कैम्प खोलकर ग्रामीणों को विश्वास में लिया जा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ का कबीरधाम जिला भी नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में शामिल है। यहां भोरमदेव कवर्धा डिवीजन की सक्रियता बताई जाती है। स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार में गृह मंत्री विजय शर्मा का कवर्धा गृह ग्राम है।

स्थानीय जनप्रतिनिधि होने के नाते कवर्धा की सुरक्षा को लेकर बेहद संजीदा विजय शर्मा ने पुलिस विभाग के साथ व्यापक समीक्षा कर मार्गदर्शन दिया है। नक्सलियों को बैक फुट में धकेलने के लिए जिले में भी 6 नये फारवर्ड कैम्प प्रस्तावित किए गए। जिनमें चार कैम्प स्थापित हो चुके है। जिनमें कुमान, बेंदा, मारा डबरा और खिलाही कैम्प शामिल है। माना जाता है नक्सली मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ को जोडऩे वाले कवर्धा जिले के जंगलो का उपयोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए करते है इन 4 नए फारवर्ड कैम्पो की स्थापना नक्सलियों के इसी मार्ग को अवरूद्ध करने के मद्देनजर की गई है ताकि नक्सलियों के मूमेंट को जिले के जंगलो में रोका जा सके। ऐसा माना जा रहा है इन कैम्पो के स्थापना से नक्सली गतिविधियो में कमी होगी। इसके साथ ही नक्सलियों को पकडने अथवा उन्हें ढेर करने में मदद करने वाले लोगो को जागरूक और ईनाम देकर प्रोत्साहन देने की भी बात कही जा रही है।

### डबल इंजन की सरकार का नतीजा



इस पूरे विषय पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद से नक्सल मोर्चे पर काफी सकारात्मक चीजें दिख रही हैं। नक्सलियों के मांद में जाकर जवानों के कैंप खोले गए इससे नक्सलियों के हौसले पस्त होंगे। उन्होंने यह भी कहा कभी भी बुलेट के नोक पर विकास संभव नही है। क्षेत्र में विकास के लिए लोकतंत्र ही सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा हम लगातार यह कह भी रहे है नक्सली जब चाहे सरकार बातचीत के लिए तैयार है। उन्हें हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राज्य में सरकार गठन के बाद संकेत दिए है नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे है। हाल ही में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने के बाद लोगो मे एक उम्मीद जगी है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होगा।

# आज घोषित किए जाएंगे कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम



- दसवीं एवं बारहवी के परिणाम एक साथ किए जाएंगे घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा मार्च माह में ली गई हाई स्कूल कक्षा दसवीं एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों का इंतजार अब समाप्त होने वाला है।

छत्तीसगढ़ माध्यममिक शिक्षा मण्डल रायपुर की सचिव श्रीमती पुष्पा साहू ने 8 मई को एक आदेश जारी कर ऐलान किया है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा ली गई हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणाम 9 मई को दोपहर 12.30 बजे मण्डल के सभागृह में घोषित किए जाएंगे और जारी परीक्षा परिणाम मण्डल की बेवसाईड पर अपलोड कर दिए जांएगे जिन्हें दोनो ही कक्षाओं के संबंधित परीक्षार्थी सहजता व सरलता से देख पाएंगे। उन्होने कहा है कि दोनो ही बोर्ड परिक्षाओं के परिणामों को घोषित किए जाने की मण्डल ने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा वर्ष 2024 के लिए आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परिक्षाओं में इस बार कबीरधाम जिले से कुल पंजीकृत 20707 परिक्षार्थी शामिल हुए हैं।

जिसमें कक्षा 12 वीं के 8606 तथा कक्षा दसवी के 12101 परिक्षार्थी शामिल है। बोर्ड परीक्षा की समाप्ती के बाद से ही इन दोनों ही कक्षाओं के परिक्षार्थियों को अपने परीक्षा परिणामों का बड़ी बेसर्बी से इंतजार था, जो अब समाप्त होने जा रहा है।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर के एक बड़े निजी स्कूल में बीते वर्ष सात फरवरी 2023 को सामने आई एक चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में घटना के करीब 14 माह बाद विशेष न्यायाधीश (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012) पीठासीन अधिकारी ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 7 फरवरी 2023 को कवर्धा सहित पूरे जिले में उस समय हड़कंप मच गया था जब शहर में संचालित एक बड़े और नामचीन निजी स्कूल में अध्यनरत चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। इस घटना के सामने आने के बाद कवर्धा कोतवाली पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रपोर्ट दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था और स्कूल परसिर में स्वयं ताककालिक पुलिस अधीक्षक डॉ. लाला उमेंद सिंह की उपस्थित होकर घटना की देररात तक हर पहलुओं में मामले की जांच के साथ स्कूल स्टाप से पूछताछ, बच्ची के बयान, मेडिकल रिपोर्ट तथा तमाम साक्ष्यों के बाद बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में स्कूल बस के परिचालक परिचालक मुकेश यादव पिता ईश्वर यादव निवासी ग्राम चचेड़ी थाना पिपरिया को थाना कवर्धा में दर्ज अपराध क्रमांक 139/22 धारा 376 ए,बी भादवि एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम 2012 (पाक्सो एक्ट) की धारा 21, किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75,82, एक्ट्रोसिटी एक्ट की धारा के तहत गिरफ्तार किया था और न्यायालय के समक्ष चालान पेश किया था। न्यायालय ने इस मामले में दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अब अपना फैसला सुनाते हुए दुष्कर्म के आरोपी आरोपी बस परिचालक मुकेश यादव पिता ईश्वर यादव निवासी ग्राम चचेड़ी थाना पिपरिया आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

### गन्ना की फसल...



कवर्धा। अंचल में गन्ना उत्पादक किसानों के खेतों में फिर लहलहाने लगी गन्ना की फसल।

# विद्युत फाल्ट से उपभोक्ता परेशान शिकायत के बाद भी सुधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भीषण गर्मी के इस सीजन में कवर्धा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली झटका दे रही है और उन्हें प्रायः हर दिन घंटों बगैर बिजली के गुजारने पड़ रहे हैं। उपभोक्तओं का आरोप यह भी है पॉवर कट की स्थिति में विद्युत कार्यालय अथवा विभागीय अधिकारी से शिकवा शिकायत किए जाने के बाद भी उनकी शिकायत पर कार्यवाही नहीं होती और विभाग अपने ढर्रे पर ही मनमाने ढंग से कार्यकर्ता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि कवर्धा शहर के विद्युत सब स्टेशन का आलम ये है कि जरा सी हवा पानी चली नहीं और मौसम बदला नहीं की पॉवर कट हो जाता है। इस बीच उपभोक्ताओं लगातार विभाग में शिकवा शिकायत करते रहते हैं लेकिन मौसम साफ होने के घंटों बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की जाती और अगर रात के समय आसपास के ग्रामीण अंचलों में ऐसा हो जाता है तो निश्चित मानो की ग्रामीण उपभोक्ताओं को लगभग पूरी रात बगैर बिजली के ही गुजारा करना पड़ता है। विद्युत विभाग की इस खस्ताहाल व्यवस्था को देखते हुए उपभोक्ताओं ने विभाग के आला अधिकारियों से व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।



# छीरपानी नाला में मिली बैगिन महिला की लाश, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के वनांचल थाना क्षेत्र कुकदुर के ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित गांव छीरपानी स्थित एक नाला में मंगलवार की देरशाम एक बैगिन महिला का संदिग्द्ध परिस्थितयों में शव मिला है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बैगिन महिला की मौत कैसे हुई। स्थानीय लोगों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर मौके में पहुंचकर महिला का शव बरामद कर लिया है और अब मामले की विवेचना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छीरपानी में मंगलवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ लोगों ने स्थानीय नाला में एक महिला का शव पड़ा देखा। उन्होने तत्काल इसकी सूचना कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर कुकदुर पुलिस के साथ एसडीओपी पुलिस पंडरिया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की टीम देर रात घटना स्थल पहुंच गई और मृतका का शव बरामद कर उसकी पहचान बैगिन पति छत्तू आयु 55 निवासी छीरपानी के रूप में की गई। हालांकी अभी तक पुलिस इस बात का बता नहीं लगा पाई है कि महिला की मौत कैसे हुई। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर बुधवार को शव का पीएम करा लिया है और अब पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच की बात कही जा रही है।



# मनरेगा में जमकर भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप, मजदूरों ने की लिखित शिकायत



- घर बैठे मजदूरी पा रहे पंचायत पदाधिकारियों के रिस्तेदार, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले की जनपद पंचायत स. लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत वीरेन्द्र नगर निवासी मनरेगा के मजदूरों ने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ ही पंचायत कर्मियों पर मस्टर रोल के जरिए फर्जीबाड़ा करते हुए मनमानी किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है।

मजदूरों ने इस मामले के विरोध में नरेगा कार्यस्थल में जमकर प्रदर्शन करने के बाद मामले की लिखित शिकायत आला प्रशासनिक अधिकारियों से कर जांच व कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में मजदूरों ने बताया कि शासन द्वारा मनेरगा मजदूरों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम वीरेन्द्र नगर में मनरेगा के तहत कार्य की स्वीकृति प्रदान की है।

जिसमें गांव के कई जॉब कार्डधारी महिला-पुरूष पंजीकृत मजदूर हर रोज कार्य स्थल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर तथा नियमानुसार निर्धारित कार्य कार्य कर रहे हैं। वहीं मजदूरों ने खुलासा किया कि मस्टर रोल में ग्राम पंचायत के कई पंचायत प्रतिनिधियों के नाम भी दर्ज किए गए हैं जो कभी कार्य स्थल में उपस्थित होकर कार्य नहीं करते फिर भी पंचायत पदाधिकारी तथा कर्मी फर्जी ढंग से मस्टर रोल में उनकी हाजरी भरकर उन्हें मजदूरी की राशि उन्हें घर बैठे भुगतान कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि मस्टर रोल में ऐसे लोगों की संख्या काफी अधिक है जो कार्य स्थल में आते ही नहीं है और उनके नाम से बकायदा भुगतान किया जा रहा है। अब ये लोग कौन है कहां के हैं और कार्य में क्यों नहीं आते और इसके बावजूद उन्हें भुगतान कैसे किया जा रहा है यह जांच का विषय है। ग्रामीणों ने पंचायत पदाधिकारियों तथा कर्मियों के इसी फर्जीबाड़े और मनमानी को लेकर कार्यस्थल पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और बाद में मामले की शिकायत जिला प्रशासन के आला सक्षम अधिकारियों से कर मामले की जांच कराए जाने तथा दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन मनरेगा मजदूरों की शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और आगे भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में क्या कार्यवाही करता है।

### बैगा गांवों में उपलब्ध मुलभूत और बुनियादी सुविधाओं की ग्रामीणों से ली कलेक्टर ने जानकारी

# कलेक्टर श्री महोबे ने बैगा बाहुल्य वनांचल गांवों का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मंगलवार को पंडरिया विकासखंड के ग्राम पौनी, तिलईभाट, कांदावानी, छिरपानी का दौरा किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में उपलब्ध मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिन-जिन ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है वहां विभागीय अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वन विभाग एवं जनपद पंचायत को वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले छोटे-बड़े नालों का सर्वे कर जल भराव को रोकने नालों में नाला बंधान, बोल्डर, बोरी बंधान के संबंध में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रीष्म कालीन मौसम को देखते हुए मौसमी बिमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, जनपद सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ, खंड चिकित्सा अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने ग्राम पंचायत पौनी में पानी टंकी एवं हितग्राहियों के घर में लगे नल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने पानी का नया स्त्रोत, जल विहीन वार्डो में सुधार कार्य एवं नलों की टूटी हुई टोटिंयों को सुधारने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ दिए। उन्होंने वर्तमान में पानी की समस्या को देखते हुए संचालित बोर के माध्यम से घरों में पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन विभाग और जनपद पंचायत के अधिकारियों को पहाड़ी क्षेत्रों में छोटे-बड़े नालों मंए नाला बंधान, बोल्डर, बोरी बंधान के संबंध में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित टोला छीरपानी में पेयजल समस्या दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा ग्राम पंचायत कांदावानी अंतर्गत महारानी टोला एवं कान्हाखैरा में प्रगतिरत बैगा जनजाति आवास निर्माण कार्यो को देखा गया तथा निर्माण के लिए जरूरत निर्माण समाग्रियों को लाने ले जाने में होने वाली दिक्कतों और परेशानियों से अवगत हुए।

उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने हितग्राही रामजी बैगा और जुगरी बाई से उनकी निर्माण संबंधी आवश्यकताओं एवं समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया।